Title : Need to start train services between Balaghat and Gondia in Central Railway immediately.

श्री गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन (बालाघाट) : माननीय सभापति जी, मध्य प्रदेश एवं महाराट्र के बीच आवागमन प्रदान करने वाली रेलवे लाइन विगत दो वर्षों से उखाड़ी गई है। वहां पर आमान परिवर्तन का काम चालू है। इसमें गोंदिया से बालाघाट के बीच 42 किलोमीटर रेलवे लाइन का काम पूरा हो चुका है और विभाग द्वारा पूर्णता का सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जा चुका है। बालाघाट में सर्वाधिक पानी बरसता है। इन दो राज्यों के बीच जोड़ने के लिए और कोई मार्ग नहीं है, केवल एक नदी का पुल है। विगत दो महीनों में लगभग दस दिन पानी रेल लाइन के ऊपर रहा जिसके कारण आवागमन बंद रहा। यह रेलवे मार्ग पूर्ण होने के बावजूद भी इसका शुभारंभ नहीं किया जा रहा है। मुझे नाम लेने का अधिकार तो नहीं है, लेकिन कोई मंत्री उस पर समय नहीं दे पा रहे हैं, इसलिए बार-बार तिथि आगे बढ़ाई जा रही है। हमारा महाराट्र और मध्य प्रदेश के सांसदों की ओर से आग्रह है कि वहां की रेलवे पूर्ण हो चुकी है, पूर्णता का सर्टिफिकेट जारी हो चुका है, अतः गोंदिया से बालाघाट के बीच की रेलवे लाइन शीघ्र चालू की जाए जिससे जबलपुर तक हमारी कनेक्टिविटी बढ़े, आवागमन का लाभ मिल सके और इस पर जो करोड़ों रुपये खर्च हो चुके हैं उनका समय से दोहन किया जा सके।

इसके साथ ही मैं कहना चाहूंगा कि बिलासपुर से भोपाल के लिए जो महानदी एक्सप्रैस सप्ताह में चार दिन चलती थी, उसको बंद कर दिया गया है। उसको पुनः प्रारंभ किया जाए।